उदयपुर, सोमवार, 23 सितम्बर 2019 6

दैनिक नवज्योति

ऐश्वर्या का जश्न-ए-आलम

उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजूकेशन संस्थान की फ्रेशर पार्टी जश्न-ए-आलम धूमधाम से मनी। आयोजन छात्रसंघ अध्यक्ष शिवदत्त सिंह राव व सचिव प्रीति सोमिया के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि शिखा मोटावत, विशिष्ट अतिथि डॉ वत्सला सिंह थे। प्रतियोगिताओं की निर्णायक के रूप में दामिनी शर्मा, निदेशक, फेशन स्टार उपस्थित रही। संस्थान की निदेशक डॉ सीमा सिंह और समूह निदेशक प्रो. एएन माथुर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग रैंपवॉक था। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक अदाओं, प्रतिभा प्रदर्शन एवं साज-सज्जा से सभी को आश्चर्यचकित किया। स्नातकोत्तर स्तर पर चित्रा जैन तथा स्नातक स्तर पर मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर का खिताब अभिषेक सिंह झाला तथा नफीसा खान, बेस्ट परफोरमेंस युवराज सिंह और ध्रुवी तथा बेस्ट वेशभूषा में अर्पित भट्ट व चंचल सोलंकी ने हासिल किया।

Udaipur , Tuesday
24/09/2019
पत्रिका

3

जश्न-ए-आलम में झूमे स्टूडेंट

फ्रेशर्स का वेलकम, प्रस्तुतियों में दिखाया दम

उदयपुर ◆ ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन संस्थान में फ्रेशर पार्टी 'जश्न-ए-आलम-2019' का आयोजन किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष शिवदत्त सिंह राव व सचिव प्रीति सोमिया के नेतृत्व में नवांगतुक विद्यार्थियों का स्वागत हुआ। मुख्य-अतिथि शिखा मोटावत, विशिष्ट अतिथि डॉ. वत्सला सिंह थे। निर्णायक की भूमिका दामिनी शर्मा ने निभाई। निदेशक डॉ. सीमा सिंह, प्रो. एएन माथुर मौजूद रहे। चित्रा जैन ने बताया कि स्नातक स्तर पर मिस्टर फ्रेशर, मिस फ्रेशर का खिताब अभिषेक सिंह झाला और नफीसा खान, बेस्ट परफोरमेंस युवराज सिंह और ध्रुवी, बेस्ट वेशभूषा में अर्पित भट्ट व चंचल सोलंकी ने हासिल किया। संचालन लक्षित सुखवाल, मुस्कान कोठारी ने किया।

5

city भास्कर

उदयपुर, मंगलवार 24 सितंबर, 2019

अभिषेक मिस्टर, नफीसा बनीं मिस फ्रेशर

उदयपुर | ऐश्वर्या कॉलेज में हुई फ्रेशर पार्टी जश्न-ए-आजम में प्रतियोगिता के बाद स्नातक स्तर पर अभिषेक सिंह व नफीसा खान मिस्टर व मिस फ्रेशर बनी। कार्यक्रम में इस वर्ष स्नातकोत्तर स्तर पर चित्रा जैन तथा स्नातक स्तर पर मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर का खिताब अभिषेक सिंह झाला तथा नफीसा खान, बेस्ट परफॉरमेंस युवराज सिंह और ध्रुवी तथा बेस्ट वेशभूषा में अर्पित भट्ट व चंचल सोलंकी ने हासिल किया।